## दिनांक 29.01.2019 को आयोजित IFAD-ILSP की परियोजना प्रबन्धन समिति (PMC) की दसवीं (10वीं) बैठक का कार्यवृत्त

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की प्रबन्धन समिति की दसवीं (10वीं) बैठक दिनांक 29.01.2019 को पूर्वाह्न 11.30 बजे डॉ0 रणवीर सिंह, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP की अध्यक्षता में FRDC सभागार सचिवालय, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:

उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि का विवरण :–

1. श्रीमति मनीषा पंवार, प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन/उपाध्यक्ष, PMC-ILSP।
2. श्री डी0सेन्थिल पाण्डियन, मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP/सदस्य सचिव, PMC-ILSP।
3. डा0 राम बिलास यादव, अपर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन एवं अपर परियोजना निदेशक, UGVS व प्रबन्ध निदेशक, उपासक/सदस्य, PMC-ILSP।
4. डा0 डी0एस0 रावत, उप परियोजना निदेशक/परियोजना निदेशक, जलागम, परियोजना समिति–जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) के प्रतिनिधि/सदस्य, PMC-ILSP।
5. श्री विवेक उपाध्याय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक/सदस्य, PMC-ILSP।
6. श्री राजीव कुमार नाथ तिवारी, संयुक्त निदेशक, पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन/अपर सचिव, पंचायती राज के प्रतिनिधि/सदस्य, PMC-ILSP।
7. श्री जीवन चन्द्र जोशी, वित्त नियन्त्रक, ILSP ।
8. श्री सुभाष त्रिपाठी, अपर संख्याधिकारी, WMD।

उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना के प्रबन्धक व अधिकारियों तथा विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की प्रबन्धन समिति के सदस्य सचिव/ मुख्य परियोजना निदेशक, ILSP, श्री डी0सेन्थिल पाण्डियन द्वारा प्रबन्धन समिति की **दसवीं (10वीं)** बैठक में सदस्यों की गणपूर्ति पूर्ण होने के क्रम में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों एवं विशेष आमंत्रिओं का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बैठक में परियोजना की प्रगति का प्रस्तुतीकरण अपर परियोजना निदेशक, डा0 राम बिलास यादव द्वारा किया गया। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है:–

**कार्यसूची PMC: 10.01: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की दिनांक 23.04.2018 को आयोजित नवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक, ILSP, श्री डी0सेन्थिल पाण्डियन द्वारा अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की नवीं बैठक **अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP की अध्यक्षता में** दिनांक 23.04.2018 को सम्पन्न हुई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त पत्रांक PMC-28/PMC-IX/2018-19 दिनांक 16.05.2018 के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया। बैठक का कार्यवृत्त सुलभ संदर्भ हेतु सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**सदस्यगणों द्वारा उक्त कार्यवृत्त का अवलोकन कर पुष्टि की गई।**

**कार्यसूची PMC: 10.02: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की दिनांक 23.04.2018 को आयोजित परियोजना प्रबन्धन समिति की नवीं बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।**

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन कमेटी की दिनांक 23.04.2018 को आयोजित नवीं बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अनुपालन हेतु तात्कालिक बिन्दुओं को इंगित किया गया था। उक्त बिन्दुओं पर निर्देशानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।

**सदस्यगण द्वारा अनुपालन की स्थिति को तद्नुसार संज्ञानार्थ लिया गया।**

**कार्यसूची PMC: 10.3: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2018–19 के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की अद्यतन स्थिति :–**

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक की सहमति से अपर परियोजना निदेशक, ILSP, डा0 राम बिलास यादव द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट (AWPB) रू0 **220.73 करोड** है जिसमें रु॰ 43.58 करोड़ Beneficiary Contribution तथा Bank Finance इत्यादि सम्मिलित है। उक्त के सापेक्ष दिनांक 15.01.2019 तक **रु॰133.61 करोड़** की प्रगति की जा चुकी है। उपलब्धियों का घटक व उपघटकवार विवरण निम्न प्रकार है–

| Component | AWPB 2018-19 | | |
|---|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Target ( In Crore)** | **Total Progress** | **%** |
| **Food Security & Livelihood Enhancement (UGVS)** | 100.55 | **64.54** | **64.19** |
| **Participatory Watershed Management (PSWMD)** | 75.22 | **30.86** | **41.03** |
| **Livelihood Finance - UPASaC** | 40.91 | **36.26** | **88.63** |
| **Project Management** | | | |
| Central Project Coordination Unit | **1.42** | 0.22 | 15.49 |
| M&E and KM-UGVS | **1.58** | 1.37 | 86.71 |
| M&E and KM-WMD | **1.05** | 0.36 | 34.28 |
| **Sub Total** | **4.05** | **1.95** | **48.14** |
| **TOTAL** | **220.73** | **133.61** | **60.53** |

**समिति द्वारा उपरोक्तानुसार बजट के सापेक्ष 60.53% प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया।**

प्रगति के प्रस्तुतीकरण के समय समिति द्वारा निम्नाकिंत निर्देश दिए गए :-

1. परियोजना के घटक-2 जलागम प्रबन्धन की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। अतः इस सम्बन्ध में परियोजना निदेशक, PSWMD के साथ पृथक के बैठक कर समीक्षा कर ली जाए।
2. रोजगारपरक प्रशिक्षण के अन्तर्गत सम्बन्धित विभागों के ट्रेड्स में प्रशिक्षित युवकों की सूची विभागों को भी उपलब्ध करायी जाए।
3. Convergence का कार्य वृहद मात्रा में हुआ है। इस कम में Convergence के अन्तर्गत सृजित सम्पत्तियों / कार्यो के Photograph मंगा कर रखे जाए।
4. तकनीकी व अन्य जानकारी कृषकों तक पहुँचाने हेतु अल्मोड़ा जनपद में संचालित मोबाइल वैन की तर्ज पर मुख्य परियोजना निदेशक, ILSP द्वारा निर्देश दिए गए कि कम से कम 10 मोबाइल वैन की मांग सचिव, कृषि , उद्यान, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराई जाए।
5. Farm Machinary Bank (FMB) के फायदों का यथा Labour Saving, Man Power Saving & All Related Benefits का Documentation करवाया जाए।
6. परियोजनान्तर्गत Home Stay के कार्यो से जुड़े समूहों का टूरिज्म विभाग से Linkage कराया जाए ताकि उनको टूरिज्म विभाग की Schemes का लाभ प्राप्त हो सके।
7. Geo Tagging हेतु भुवन Portal की Access भारत सरकार से प्राप्त कर ली जाए।

## कार्यसूची PMC: 10.4: संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2018–19 का अनुमोदन।

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2018–19 को रू0 220.73 करोड़ की धनराशि से रू0 231.01 करोड हेतु संशोधित किया गया है जिसका घटकवार विवरण निम्नानुसार है :–

| Component | RAWPB 2018-19 | | Financing Plan (Rs.000) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Units** | **Amount (Rs.000)** | **GoUK & IFAD** | **Banks** | **Bene** |
| **Food Security & Livelihood Enhancement (UGVS)** | 31893 | 991461 | 946650 | | 44811 |
| **Participatory Watershed Management (PSWMD)** | 5635 | 712419 | 663005 | 0 | 49414 |
| **Livelihood Finance - UPASaC** | 10346 | 562429 | 62430 | 500000 | 0 |
| **Project Management** | | | | | |
| Central Project Coordination Unit (CPCU) | 80 | 7396 | 7396 | | |
| M&E and KM-UGVS | 609 | 27218 | 27218 | | |
| M&E and KM-WMD | 197 | 9165 | 9165 | | |
| **Sub Total** | 886 | 43780 | 73780 | 0 | 0 |
| **TOTAL** | 48760 | 2310089 | 1715865 | 500000 | 94225 |

समिति द्वारा उपरोक्त का अवलोकन कर एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 के संशोधित वार्षिक बजट रू0 231.01 करोड को अनुमोदन प्रदान किया गया।

## कार्यसूची PMC: 10.5: प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2019–20 का अनुमोदन।

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए धनराशि रू॰ 192.19 करोड की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट तैयार किया गया है जिसकी मुख्य गतिविधियों का विवरण सदस्यगणों के अवलोकनार्थ निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया।

| Component | AWPB 2019-2020 | | Financing Plan (000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Units** | **Amount (000)** | **GoUK** | **IFAD** | **Banks** | **Bene** |
| FOOD SECURITY & LIVELIHOOD ENHANCEMENT (UGVS) | 24300 | 1004457 | 109932 | 856391 | | 38134 |
| PARTICIPATORY WATERSHED MANAGEMENT (PSWMD) | 4097 | 429253 | 105718 | 300530 | | 23006 |
| LIVELIHOOD FINANCE - UPASaC | 10198 | 429698 | 7088 | 22611 | 390000 | 10000 |
| **PROJECT MANAGEMENT** | | | | | | |
| Central Project Coordination Unit (CPCU) | 121 | 20907 | 3831 | 17075 | | |
| M&E and KM-UGVS | 606 | 28099 | 4536 | 23563 | | |
| M&E and Knowledge Management (WMD) | 258 | 9548 | 3109 | 6439 | | |
| **Sub total** | **985** | **58554** | **11476** | **47078** | | |
| **Grand Total** | **39580** | **1921962** | **234214** | **1226610** | **390000** | **71140** |

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं अर्न्तराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) के मध्य दिनॉक 01.02.2012 को सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule-1 Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना प्रबन्धन कमेटी के द्वारा परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया जाना है।

**समिति द्वारा एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वित्तीय वर्ष 2019–20 की प्रस्तावित वार्षिक बजट धनराशि रू० 192.19 करोड को उपरोक्तानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया।**

## कार्यसूची PMC: 10.6: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2017–18 के लेखा की वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट तथा Balance Sheet का अनुमोदन।

समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2017–18 में एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की गतिविधियों का ऑडिट CA Firm M/s Ansul Agrawal & Company के द्वारा किया गया। ऑडिट उपरान्त CA Firm M/s Ansul Agrawal & Company द्वारा निर्धारित प्रारूप में Project Financial Statement, आडिट रिपोर्ट तथा आय व्यय खातों सहित बैलेन्सशीट उपलब्ध करायी गयी है।

**समिति द्वारा अवलोकन कर उपरोक्त ऑडिट रिपोर्ट को अनुमोदन प्रदान किया गया।**

## कार्यसूची PMC: 10.7: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए Annual/Statutory Auditor के चयन हेतु मुख्य परियोजना निदेशक, ILSP को अधिकृत करने के संबंध में।

समिति के संज्ञान में लाया गया कि वित्तीय वर्ष 2017–18 के खातों के वार्षिक अंकेक्षण हेतु M/s Ansul Agrawal & Company, Chartered Accountant Firm का चयन किया गया था। वित्तीय वर्ष 2018–19 के एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) के खातों का वर्षिक ऑडिट कराये जाने हेतु Chartered Accountant Firm के चयन के लिए मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

**समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 के ILSP परियोजना के खातों का वर्षिक ऑडिट कराये जाने हेतु Chartered Accountant Firm के चयन के लिए मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP को अधिकृत किया गया।**

(डी0सेन्थिल पाण्डियन)
सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP
एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP

11/2/2019
(डॉ0 रणवीर सिंह)
अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD- ILSP)

केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई (CPCU)

(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)

216, पंडितवाड़ी, फेज– II, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 124 /PMC-XI/2018–19 दिनांक 13.02.2019

प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन/अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP के संज्ञानार्थ।
2. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन के संज्ञानार्थ।
3. सचिव, जलागम देहरादून।
4. परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
5. अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
6. अपर सचिव/निदेशक पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
7. अपर सचिव कृषि, उत्तराखण्ड शासन।
8. अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
9. अपर सचिव, पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन।
10. अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
11. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।
12. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू॰एस॰एन॰आर॰एल॰एम॰, देहरादून।

(डी0सेन्थिल पाण्डियन)

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP

एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP